ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು-560003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
Malleswaram, Bengaluru-560003

# ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ 2022–23

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ (NCERT)

**SUBJECT: Third Language - Hindi (NCERT)**

ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: 60H

**CCE-RF**
ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है। जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8

1. 'सभ्य' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) असभ्य (B) सुन्दर

(C) सज्जनता (D) असत्य

2. निम्नलिखित शब्दों में 'प्रत्यययुक्त' शब्द है –

(A) अभाव (B) बेहोश

(C) गंभीरता (D) अज्ञात

3. 'टुकड़ा' शब्द का बहुवचन रूप है –

(A) रोटी (B) रोटियाँ

(C) टुकड़ा-टुकड़ा (D) टुकड़े

4. 'हमला' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) हासिल (B) आक्रमण

(C) नफरत (D) मुमकिन

5. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व' समास का उदाहरण है –

(A) महाभारत (B) देश-विदेश

(C) लोकप्रिय (D) पंचवटी

6. निम्नलिखित में से 'दीर्घ संधि' का उदाहरण है –

(A) विद्यार्थी (B) पुरुषोत्तम

(C) गणेश (D) प्रत्येक

7. रॉबिनहुड गरीबों की मदद करता था।

इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) विस्मयादिबोधक (B) प्रश्नवाचक

(C) अल्प विराम (D) पूर्ण विराम

8. माँ .......... स्टूल पर चढ़कर अंडे को बचाने की कोशिश की।

रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है –

(A) का (B) को

(C) ने (D) में

**II.** **सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए।** **4 × 1 = 4**

| अ | | ब |
|---|---|---|
| 9. जुलूस का भार | a) | मैथिलीशरण गुप्त |
| 10. एशिया का बड़ा शोमैन | b) | सरस्वती बखानती |
| 11. उदार की कथा | c) | पूर्णोदास पर था। |
| 12. कर चले हम फ़िदा | d) | शैलेंद्र |
| | e) | राजकपूर |
| | f) | पुरुषोत्तम राय पर था। |
| | g) | कैफ़ी आज़मी |

**III.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. 'टी-सेरेमनी' में कितने लोगों को प्रवेश दिया जाता था ?

14. निदा फ़ाज़ली के अनुसार जीवन कैसे घरों में सिमटने लगा है ?

15. मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है ?

16. कवि के अनुसार भारतीय सैनिकों ने हिमालय का सर क्यों नहीं झुकने दिया ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. 'कौंसिल के नोटिस' में क्या लिखा गया था ?

18. 'तीसरी कसम' फ़िल्म को खरीदनेवाले क्यों नहीं मिल रहे थे ?

19. निदा फ़ाज़ली की माँ सूर्यास्त के बाद पेड़ों से फूल-पत्ते तोड़ना क्यों मना करती थी ?

20. मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ?

21. मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार 'उदार व्यक्ति' की पहचान बताइए।

22. कवि पंत जी के अनुसार 'शाल के वृक्ष' क्यों भयभीत हो गए थे ?

23. हरिहर काका के गाँव में स्थित प्रसिद्ध स्थान कौन-कौन से थे ?

अथवा

हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे ?

24. पीटी साहब की 'शाबाश' फ़ौज के तमगों-सी क्यों लगती थी ?

अथवा

इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा ?

V. क) **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** **9 × 3 = 27**

25. कानून सम्मत तो यही है ........ कि सब लोग अब बराबर हैं।

26. मुट्ठीभर आदमी और ये दमखम।

27. वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. तताँरा की तलवार लोगों की चर्चा का विषय क्यों बन गया था ? स्पष्ट कीजिए।

29. शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है ? स्पष्ट किजिए।

30. कवि बिहारी मन में राम बसने की भक्ति को कैसे प्रकट किया है ? विवरण दीजिए।

31. कवि रवींद्रनाथ ठाकुर भगवान से कैसी शक्ति देने की प्रार्थना करते हैं ? विवरण दीजिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।

बिन साबण पाँणीं बिना, निरमल करै सुभाइ।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

प्रेमचंद का जन्म लमही गाँव में हुआ। उन्हें कथा सम्राट और उपन्यास सम्राट कहते हैं। 8 अक्तूबर 1936 में उनका देहांत हुआ।

[ Turn over

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. बड़े भाई के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं ? विवरण दीजिए।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

जलते नभ ..............................................

.............................................................

.............................................................

................................................ है बादल !

**VII. 36. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4**

स्काउट शिक्षा के द्वारा विद्यार्थी गण आत्मशासन की परिपाटी सीखते हैं। स्काउटों को पारस्परिक सहानुभूति की सहायता, सहयोग और प्रसन्नता के साथ अपना जीवन बिताने का ढंग सिखाया जाता है। नैतिक उपदेशों से उतना लाभ नहीं,

जितना नैतिक अभ्यास से। इसलिए स्काउट-संस्था उपदेश बहुत कम देती है, परंतु उत्तम-से-उत्तम कर्म कराने का उद्योग करती है। स्काउट कर्म करने का अधिकारी है, फल पाने का नहीं। इसलिए स्काउट को सेवा के बदले में धन्यवाद या इनाम की आकांक्षा नहीं रखनी चहिए। स्काउट संस्था यह भी सिखाती है कि बालक गण खाली न बैठे रहें, कुछ उद्योग करते रहें, क्योंकि उद्योग करनेवाला मनुष्य दुर्व्यस्नन से बचा रहता है।

प्रश्न :

अ) स्काउटों को कैसी जीवन पद्धति को सिखाया जाता है ?

आ) स्काउट नैतिक उपदेशों को क्यों कम देती है ?

इ) स्काउटों को धन्यवाद या इनाम की आकांक्षा क्यों नहीं रखनी चाहिए ?

ई) स्काउट संस्था बालकों को उद्योग के बारे में क्यों सिखाती है ?

**VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4**

**क) जनसंख्या वृद्धि की समस्या**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ वृद्धि के कारण और परिणाम
- ✳ नियत्रंण के उपाय
- ✳ उपसंहार

[ Turn over

ख) इंटरनेट

* प्रस्तावना
* लाभ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार

ग) **पर्यावरण प्रदूषण**

* प्रस्तावना
* प्रदूषण के प्रकार
* प्रदूषण से बचने के उपाय
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. अपने जन्मदिन के अवसर पर मित्र को निमंत्रण देते हुए एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने भाई की शादी में भाग लेने के लिए चार दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यपक को एक पत्र लिखिए।